हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026

06 बिजली कटौती से परेशान दर्जन भर गांव के ग्रामीणों...



07 जिले के पात्र उपभोक्ताओं को मार्च व अप्रैल का...





## खबर संक्षेप

### 19 मार्च को आयोजित होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजन

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जनसुनवाई में हुई 38 आवेदनों पर सुनवाई



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी जल संरक्षण के उद्देश्य से 19 मार्च 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों एवं नदियों के समीप शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विगत 02 वर्षों में भी प्रदेश में ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ का सफल क्रियान्वयन किया गया है।

### दिशा बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने जताई थी नाराजगी, आंकड़ों ने खोली खनिज विभाग की पोल

# यूं ही नाराज नहीं हुए शिवराज, नर्मदा से अवैध खनन व परिवहन की विभाग काट रहा 'सस्ते' जुर्माने की रसीद !

### 50 हजार का एक डंपर और जुर्माना महज 41 हजार, माफियाओं के लिए घाटे का नहीं मुनाफे का सौदा है अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मां नर्मदा जिसे प्रदेश की जीवनरेखा कहा जाता है आज रेत माफियाओं के लालच के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। हाल ही में 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला खनिज अधिकारी की कार्यप्रणाली पर जो नाराजगी जताई थी, उसके पीछे के आंकड़े अब चौकाने वाली हकीकत बयां कर रहे हैं। खनिज विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों पर नजर आ रही है, जबकि हकीकत में यह माफियाओं को शह देने जैसा जान पड़ता है।

खनिज विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल से 15 मार्च 2026 तक) में अवैध उत्खनन के कुल 419 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में विभाग ने कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपए का जुर्माना वसूला। अगर इसका गणित समझें तो प्रति केस औसतन जुर्माना महज 41 हजार 766 रुपए बैठता है।चौकाने वाली बात यह है कि बाजार में रेत का एक डंपर ही 50 हजार रुपए से अधिक में बिकता है। यानी माफिया एक डंपर बेचकर जुर्माने से ज्यादा रकम कमा लेता है।

ऐसे में यह जुर्माना माफियाओं के लिए सजा नहीं, बल्कि उनके अवैध कारोबार को जारी रखने का एक 'छोटा सा खर्च' बनकर रह गया है। यही वजह है कि माफिया बेखौफ होकर जुर्माना भरते हैं और अगले ही दिन फिर से नदी का सीना छलनी करने जुट जाते हैं।



**नर्मदा के अस्तित्व पर संकट :** नर्मदा नदी में पोकलेन और पनडुब्बियों के जरिए हो रहे अवैध खनन से नदी की गहराई और जलस्तर पर बुरा असर पड़ रहा है, जो पर्यावरण प्रेमियों के लिए गहरी चिंता का विषय है। कार्रवाई के नाम पर विभाग ने 36 जेसीबी, 10 पोकलेन, 58 डंपर, 10 लोडर और 312 ट्रैक्टर-ट्रालियां तो पकड़ीं, लेकिन अवैध खनन की रफ्तार कम होने के बजाय बढ़ती ही गई। जिले के खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान की अपने अधीनस्थों पर पकड़ कमजोर है या फिर मामला कुछ और है, यह बड़ा सवाल है।

#### जिले में माफियाओं के लिए 'स्वर्ग' बनी नर्मदा की रेत

जिले नर्मदा के तटों पर रात-दिन मशीनों का शोर गूंजता है। रेत माफिया न केवल एनजीटी के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं, बल्कि मां नर्मदा की पीड़ा को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। विभाग की यह कार्रवाई साफ इशारा करती है कि या तो सिस्टम जानबूझकर कमजोर जुर्माना लगा रहा है या फिर उसे माफियाओं के रसूख के आगे झुकना पड़ रहा है।



**राजसात हो संसाधन :** पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि नर्मदा नदी के अस्तित्व को बचाना है तो जिले के खनिज विभाग को रेत के अवैध खनन में लगे माफियाओं के ससंसाधनों पर जुर्माने की कार्रवाई नहीं, बल्कि सीधे राजसात की कार्रवाई की जाना चाहिए, तब जाकर खनिज माफियाओं को सबक मिलेगा और नर्मदा नदी से अवैध उत्खनन पर रोक लग सकेगी। जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान का कहना है कि अवैध खनन और अवैध परिवहन पर लगातार व नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

#### ऐसे चलता है जुर्माने का खेल

419 प्रकरणों के बावजूद महज पौने दो करोड़ रुपए वसूलने के पीछे जो खेल सामने आया है उसके मुताबिक यदि बगैर रायल्टी के डंपर या ट्रेक्टर ट्राली पकड़े जाते हैं तो उन पर रायल्टी की जगह ओवर लोडिंग का जुर्माना बनाया जाता है, जिसके बाद आसानी से अवैध रेत से भरे यह वाहन निकल जाते हैं। दरअसल, रायल्टी का शासन को ज्यादा जुर्माना मिलता है, जबकि ओवर लोडिंग का ऊंट के मुंह में जीरे के समान। यही कारण है कि 419 प्रकरण बनने के बाद भी जिले का खनिज विभाग महज पौने दो करोड़ रुपए ही जुर्माना वसूल सका।

## एसपी कार्यालय में दिखा गजब का नजारा, आवेदकों को ससम्मान कुर्सियों पर बैठाकर कप्तान ने सुनी समस्याएं

### 17 आवेदकों ने बताई अपनी-अपनी पीड़ा, पहली बार सामूहिक रूप से एसपी कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**सीहोर।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक बेहद सुखद और सकारात्मक नजारा देखने को मिला। अमूमन पुलिस की छवि से लोग थोड़ा झिझकते हैं, लेकिन पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला की संवेदनशीलता ने इस धारणा को बदल दिया। जनसुनवाई में पहुंचे आमजनों को न केवल ससम्मान कुर्सियों पर बिठाया गया, बल्कि स्वयं कप्तान ने उनकी शिकायतों को एक-एक कर बड़े ही धैर्य और अपनत्व के साथ सुना। खास बात यह है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामूहिक जनसुनवाई की यह नई शुरुआत है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जब 17 आवेदक अपनी व्यथा लेकर पहुंचे तो पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सहजता से उनके साथ संवाद किया। वहां मौजूद लोग तब दंग रह गए जब देखा कि जिले का सबसे बड़ा पुलिस अधिकारी बेहद सादगी के साथ आम जनता के बीच बैठकर उनकी बातें सुन रहा है। फरियादियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था थी और एसपी ने धैर्यपूर्वक सभी फरियादियों की बात सुनी।

**टालमटोल नहीं, समाधान चाहिए :** जनसुनवाई के दौरान श्री शुक्ला ने न केवल आवेदन लिए, बल्कि मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों और विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि पुलिस का काम जनता की समस्याओं को टालना नहीं, बल्कि उन्हें प्राथमिकता से हल करना है। आम नागरिक जब उम्मीद लेकर कार्यालय आता है तो उसे त्वरित न्याय मिलना ही चाहिए।



**निष्पक्षता से हो जांच :** एसपी श्री शुक्ला ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी 17 आवेदनों की जांच पूरी निष्पक्षता के साथ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए ताकि शिकायतकर्ता को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

#### मानवीय पहल की हो रही सराहना

पुलिस अधीक्षक की इस मानवीय पहल की सराहना हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली से न केवल पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होगी, बल्कि लोगों का कानून पर भरोसा भी मजबूत होगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पानी सप्लाई विवाद पर नपा कर्मचारी से मारपीटः पानी चालू करने को लेकर युवक ने की बहस व गाली-गलौज, एफआईआर दर्ज

**सीहोर ।** शहर में पानी की सप्लाई को लेकर हुए विवाद में नगर पालिका के एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 1 बड़ियाखेड़ी की है, जहां जलप्रदाय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पूनमचंद के साथ एक युवक ने मारपीट की।

जानकारी के अनुसार, पूनमचंद ट्यूबवेल के माध्यम से क्षेत्र में पानी की सप्लाई कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी निखिल वहां पहुंचा और अपनी गली में पहले पानी चालू करने की बात कहने लगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

कोतवाली में दिए गए आवेदन के अनुसार, आरोपी निखिल ने कर्मचारी के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की। पीड़ित पूनमचंद ने बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उसने कहा कि पहले उसकी लाइन चालू की जाए, नहीं तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।



**नपाकर्मियों में रोष, शिकायत करने थाने पहुंचे :** घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में नपाकर्मी कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। नगर पालिका ने आरोपी निखिल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने के आरोप में सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी से टकराई तेज रफ्तार बुलेरो, दो की मौत

**सीहोर।** बीते रविवार की रात दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम झरखेड़ा जोड़ के समीप तेज रफ्तार बुलेरो कार के चालक ने आगे जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेरो के एयरबैग भी उसमें सवार यात्री की जिंदगी नहीं बचा सके, वहीं स्कूटी पर सवार दो लोगों में एक की भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात लगभग 10 बजे आरिफ नगर भोपाल निवासी मोहम्मद नवाज अपने साथी फाजिल के साथ स्कूटी से भोपाल की ओर जा रहा था। झरखेड़ा जोड़ के समीप पीछे से आ रही बुलेरो क्रमांक एमपी 04 ईबी 7116 के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी सवार मो। नवाज का एक हाथ कटकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा बुलेरो के एयरबैग भी खुल गए, लेकिन उसमें सवार विदिशा निवासी मनोज श्रीवास्तव आ। प्रेम कुमार ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बुलेरो चालक सिराड़ी निवासी गजराज विश्वकर्मा को भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।



### 19 से शुरू होने जा रहा चैत्र नवरात्र, बुधनी सड़क की हालत बदहाल

# दिखावटी पैंचवर्क से नहीं सुधरेगा सलकनपुर मार्ग, नवरात्रि में पदयात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है, लेकिन सलकनपुर मार्ग की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। मार्ग पर किए जा रहे पैचवर्क को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि यह कार्य केवल दिखावे के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी सड़क की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है।

नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु मां बिजासन के दर्शन के लिए सलकनपुर तक पदयात्रा करते हैं। ऐसे में सड़क पर फैली धूल-मिट्टी और गिट्टी के कारण नंगे पैर चलने वाले पदयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ने की आशंका है।नवरात्रि से पहले सलकनपुर मार्ग की बदहाली

**नंगे पैर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को नहीं है ध्यान :** चैत्र नवरात्रि वर्ष 2026 इस बार 19 मार्च (गुरुवार) से प्रारंभ होकर 27 मार्च (शुक्रवार) तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व पर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ से हजारों श्रद्धालु मां बिजासन धाम सलकनपुर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर, जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर मां के दरबार तक पहुंचते हैं।



नवरात्रि के दौरान सलकनपुर धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई देती हैं और "जय माता दी" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। कई श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार सहित पैदल यात्रा करते हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी आस्था के साथ इस पदयात्रा में शामिल होते हैं।

लेकिन इस वर्ष नवरात्रि से पहले ही सलकनपुर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर चिंता की स्थिति बनी है और धाम तक पहुंचने वाले कई स्थानों पर सड़क पर धूल-मिट्टी और गिट्टी फैली हुई है। कहीं-कहीं सड़क उबड़-खाबड़ है तो कई जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर के समय धूप में गरम हुई गिट्टी और धूल भरा रास्ता श्रद्धालुओं के लिए और अधिक कष्टदायक साबित होता है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मार्ग की समुचित मरम्मत और साफ-सफाई न होने से पदयात्रा के दौरान आस्था के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है और उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना चाहिए, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

लोगों का कहना है कि मार्ग की खराब स्थिति केवल असुविधा ही नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढों और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नवरात्रि के दौरान जब हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है, ऐसे में यदि मार्ग समतल और सुरक्षित न हो तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। समतलीकरण, गड्ढों की भराई, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सक्रियता दिखाए तो हजारों श्रद्धालुओं की पदयात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित हो सकती है। आस्था और विश्वास के इस महापर्व पर मां बिजासन के दरबार तक पहुंचने वाले हर भक्त को बिना किसी परेशानी के दर्शन मिलें, यही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की अपेक्षा है।

## परंपरा अनुसार मनाया जा रहा गणगौर पर्व



**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमे मंगलवार को गणगौर का स्वागत हेमा अग्रवाल के घर पर किया गया। साथ ही अग्रवाल समाज की नहिलाओं की गोट जा आयोजन भी हुआ जिसमे गेम्स प्रतियोगिता सोलह श्रृंगार और रैंप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया।

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है। अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीची अग्रवाल के बुध्यावार को गणगौर तारा अग्रवाल द्वारा स्वागत किया जाएगा। जिसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है।

अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रुक्मणी रोहिला, प्रेमलता रूठिया, तारा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मालती अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू भारतीय, ज्योति रूठिया, मधु गोयल, ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है 19 तारीक को सिंजरा रहेगा जो की गांधी पार्क जाएगा उस दिन गणगौर स्वर्णकार समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी।

## खबर संक्षेप



### 500 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 17 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 500 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

### कार्रवाई में जब्त किए गए 12 घरेलू गैस सिलेंडर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधनी में जांच के दौरान बुधनी स्थित 7 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसी प्रकार बुधनी में भी खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव, मृगी अग्रवाल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भामोर ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पर्याप्त आपूर्ति बनी हुई है।

ग्रामीणों में आक्रोश: दुदलई के उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया होने के कारण बिजली कंपनी ने काटी गांव की बिजली

# बिजली कटौती से परेशान दर्जन भर गांव के ग्रामीणों ने आर्या सब स्टेशन पर किया हंगामा

तापमान बढ़ने के साथ ही ग्रामीण अंचल में बिजली कटौती में भी इजाफा होने लगा है। स्थिति यह है कि गांवों में प्रतिदिन 4-5 घंटे बिजली गुल हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर





बिजली कटौती की समस्या से परेशान आर्या सबस्टेशन के तहत आने वाले करीब दर्जनभर गांवों के लोगों ने सोमवार रात 12 बजे के लगभग बिजली आपूर्ति केंद्र पर बड़ी संख्या में पहुंचकर जमकर हंगामा और नारेबाजी की। उपभोक्ताओं के विरोध के बाद बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी हरक़त में आएं और तकनीकी खराबी ढूंढकर सप्लाई शुरू की। बताया जा रहा है कि कंपनी के ही किसी हेल्पर ने अपनी कारगुजारी को पूरा करने के लिए 11 केव्ही लाइन से जंफर काटकर आपूर्ति बाधित की थी। ऐसे में क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब 8-9 घंटे बाधित रही।

तापमान बढ़ने के साथ ही ग्रामीण अंचल में बिजली कटौती में भी इजाफा होने लगा है। स्थिति यह है कि गांवों में प्रतिदिन 4-5 घंटे बिजली गुल हो रही है। बिजली कटौती के चलते जहां उपभोक्ता गर्मी और उमस से बेहाल हो रहें हैं , वहीं बिजली आधारित व्यवसाय चौपट हो रहें हैं। सबसे अधिक कटौती आर्या सबस्टेशन पर की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में बेतहाशा अघोषित कटौती की जा रही है। बिजली की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों का आक्रोश सोमवार को उस समय फूट पड़ा जब दोपहर में काटी गई बिजली रात 12 बजे तक नहीं आई।

### हेल्परों द्वारा की जाती है अवैध वसूली

गांव हरसपुर के पूर्व सरपंच राजेश परमार , पूर्व जनपद सदस्य रमेश जाट , रूघनाथपुरा सरपंच प्रतिनिधि विष्णु जाट का कहना है कि बिजली वितरण कंपनी में आउटसोर्स के कुछ कर्मचारी क्षेत्र में जमकर अवैध वसूली करने का कार्य कर रहे है। वह अपनी मनमर्जी से बिजली कटौती एवं सप्लाई करते हैं। इतना ही नहीं यह लोग किसानों से अस्थाई बिजली कनेक्शन एवं अवैध तरीके से बिजली उपलब्ध कराने के नाम पर भारी भरकर राशि वसूल रहे है। उनका कहना है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद वह इन कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

इसके बाद उपभोक्ता बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आर्या सबस्टेशन पहुंचे । जहां उन्होंने हंगामा करते हुए जमकर नारेबाजी । मामले की जानकारी मिलने पर जेई ने कर्मचारियों को भेजा जहां उन्होंने तकनीकी खराबी ढूंढकर उसे ठीक किया तब जाकर रात 1 बजे सप्लाई शुरू हो पाई।

### जंफर काटने की हेल्पर है आशंका

बताया जा रहा है कि गांव दुदलई के उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया होने के कारण बिजली कंपनी द्वारा गांव की बिजली काटी गई है । आशंका जताई जा रही है कि कंपनी का ही एक हेल्पर जो कि उक्त गांव के कुछ किसानों से रुपए लेकर अवैध तरीके से बिजली उपलब्ध कराने का काम करता है। उसने ही दुदलई के समीप बड़ी लाइन से जंफर काट दिए। ताकि बाकी गांव के उपभोक्ता लाइन जुड़वाने की मांग करें तो दुदलई की सप्लाई भी शुरू हो जाएं ।

### की जाएगी कार्रवाई

11 केव्ही लाइन से जंफर काटकर क्षेत्र के गांवों की सप्लाई बाधित की गई थी, मामले की जांच की जा रही है, इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

**विजय कुमार उईके,** उपयंत्री बिजली वितरण कंपनी

# हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व महिलाओं ने झाले लेकर किया सामूहिक नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



नगर के गोकुलधाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में गणगौर उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर भाग लिया और पूरे मंदिर परिसर को भक्ति व उल्लास के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने गणगौर माता के पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। "गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती..." जैसे गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने सिर पर झाले लेकर सामूहिक नृत्य किया, जिससे आयोजन में सांस्कृतिक रंगत और भी निखर उठी। उत्सव के समापन पर स्वल्पाहार एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। सभी महिलाओं ने मिलकर सहभागिता निभाई और प्रसाद ग्रहण किया, जिससे आयोजन में सामूहिकता और उत्साह का भाव देखने को मिला।

**आस्था और परंपरा का प्रतीक है गणगौर पर्व :** गणगौर पर्व माता गौरी और भगवान शिव की आराधना का प्रमुख पर्व माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के लिए मनाया जाता है, वहीं कुंवारी कन्याएं योग्य वर की प्राप्ति हेतु व्रत रखती हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से माता गौरी सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन में खुशहाली प्रदान करती हैं। गणगौर के अवसर पर गाए जाने वाले पारंपरिक गीत इस पर्व को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाते हैं। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि महिलाओं के बीच एकता, संस्कृति और परंपरा को जीवंत बनाए रखने का संदेश भी दिया।

### नगर परिषद बुधनी का वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित



**बुधनी।** नगर परिषद की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया बैठक में उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा सहित सभी पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया बजट में नगर विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया हैअध्यक्ष श्रीमती मालवीय ने बताया कि बजट का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाना है। साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं को शामिल कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया हैबैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं एवं सुझाव भी रखे, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया गयाअंत में सभी सदस्यों ने बजट का समर्थन करते हुए इसे नगर के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# नायब नाजिर की मनमानी से अटका 5 साल का एरियर, पटवारियों में आक्रोश

### 3 दिन में भुगतान नहीं हुआ तो सामूहिक अवकाश की चेतावनी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भैरूंदा।** तहसील कार्यालय में प्रशासनिक कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां पदस्थ नायब नाजिर की कथित मनमानी के चलते पटवारियों का पांच वर्षों से लंबित डीए एरियर भुगतान अटका हुआ है। मामले को लेकर नाराज पटवारी संघ अब खुलकर विरोध में उतर आया है। मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों और पटवारियों ने एकजुट होकर एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की।

पटवारी संघ के अध्यक्ष रामनिवास पवार ने बताया कि तहसील के सभी पटवारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, लेकिन उनके वैध एरियर का भुगतान लंबे समय से बिना किसी ठोस कारण के रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बावजूद नायब नाजिर द्वारा बिल तैयार नहीं किए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संघ ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की लापरवाही सामने आई हो। इससे पहले भी किसानों की राहत राशि और कोटवारों के एरियर भुगतान में देरी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। कई बार मौखिक और लिखित अनुरोध के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**अधिकारियों के निर्देश भी बेअसर :** मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार स्वयं पटवारी संघ के साथ नायब नाजिर के पास पहुंचे और तत्काल एरियर भुगतान के निर्देश दिए। इसके बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो तहसीलदार ने दूरभाष पर भी निर्देश दिए, लेकिन उसका भी कोई असर नहीं पड़ा। मामला एसडीएम स्तर तक पहुंचा, जहां से भी भुगतान के निर्देश जारी किए गए, बावजूद इसके डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

**संघ की चेतावनी, बढ़ सकता है आंदोलन :** पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के भीतर एरियर का भुगतान नहीं किया गया तो सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। साथ ही जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करते हुए प्रशासन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ का कहना है कि लगातार टालमटोल और हठधर्मिता के कारण कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

#### प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल

पूरे घटनाक्रम ने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का ही पालन नहीं हो रहा है, तो आम कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर व्यवस्था की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

वहीं, नायब नाजिर मनोज कुमार सितोलिया ने सफाई देते हुए कहा कि यह कार्य उनके दायरे में नहीं आता, बल्कि तहसील कार्यालय में पदस्थ रामकृष्ण बाकरियां बाबू कानूनगो का है। इसके बावजूद वे कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही एरियर भुगतान के लिए बिल तैयार कर भेजने की बात कह रहे हैं।

श्री शिवानंद जी महाराज करेंगे महायज्ञ व हवन-पूजन

# आस्था का महासंगम: दादाजी धूनीवाले सरकार पातालेश्वर में 41 टन सामग्री से महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील भैरुंदा का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पातालेश्वर सातदेव में दादाजी धूनीवाले दरबार में इस बार आस्था, श्रद्धा और आध्यात्म का विराट केंद्र बनकर उभर रहा है। 18 मार्च से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल तक चलने वाले 21 दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन के पहले ही दिन से यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की संभावना है। सीहोर, देवास, हरदा, नर्मदापुरम सहित प्रदेश और देशभर से दादाजी धूनीवाले सरकार के भक्त बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

पूरे मंदिर परिसर और आयोजन स्थल को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। करीब 5 एकड़ क्षेत्र में विशाल पंडाल तैयार किया गया है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। मां नर्मदा के अनन्य भक्त एवं आजीवन परिक्रमावासी श्री शिवानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महाआयोजन को लेकर पिछले एक माह से चार जिलों के गांव-गांव में व्यापक जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**महायज्ञ में 41 टन सामग्री, सोने-चांदी की आहुति बना आकर्षण :** इस 21 दिवसीय आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण 41 टन सामग्री से होने वाला महायज्ञ है। इसके साथ ही हवन में सोने-चांदी के आभूषणों की आहुति दी जाएगी, जिसने पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को चर्चा का प्रमुख विषय बना दिया है। आयोजकों का दावा है कि इस तरह का भव्य और विशाल धार्मिक अनुष्ठान प्रदेश ही नहीं, देश के चुनिंदा आयोजनों में शामिल है। नवरात्रि के दौरान 151 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा अखंड दुर्गा पाठ किया जाएगा। वहीं 29 मार्च से 7 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे।

**21 दिन तक 21 हजार दीपों से सजेगी महाआरती :** पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों की निरंतर श्रृंखला चलेगी। प्रतिदिन सुबह 8 बजे आरती और 9 बजे मां नर्मदा का 151 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही 1100 फलों से विशेष पूजा-अर्चना होगी।

प्रतिदिन 21 क्विंटल सामग्री से महाहवन भी किया जाएगा। शाम होते ही 21 हजार दीपों की रोशनी में महाआरती का भव्य आयोजन होगा, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा। दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार के बीच संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठेगा।

### भंडारे की व्यापक व्यवस्था, प्रतिदिन हजारों को मिलेगा प्रसाद

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोजन प्रसादी की व्यापक व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से भंडारे की शुरुआत होगी, जबकि दोपहर और रात्रि में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसादी ग्रहण करेंगे। इसके लिए अलग-अलग स्थानों पर भोजन पंडाल बनाए गए हैं, जिससे व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

### प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम

आयोजन में संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मंगलवार को एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा और एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। तो वहीं नर्मदा तट स्नान घाट पर भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखने हुए बैरिकेटिंग करने के लिए कहा गया।

### 7 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ होगा समापन

21 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महाआयोजन का समापन 7 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। इस बार पातालेश्वर सातदेव में चैत्र नवरात्रि के दौरान आस्था, भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित होगा।

### सांदीपनि विद्यालय मंडीसत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 23 से

**सीहोर।** शासकीय सांदीपनि उमावि (मनुबेन) मण्डी सीहोर में विभिन्न कक्षाओं ( 1पहली, 3री, 5वी, 9वी एवं 11वी) के हिन्दी माध्यम में रिक्त सीटो पर सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश आवेदन पत्र दिनांक 23.03.2026 से ऑफलाईन वितरण किये जावेगें विभिन्न कक्षाओं में रिक्तियों की संख्या सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। प्रवेश आवेदन पत्र दिनांक 23.03.2026 से समय 11:00 से 4:30 तक संस्था पुराना वर्क शॉप रोड मण्डी सीहोर से वितरण एवं जमा किये जावेगे। आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31.03.2026 शाम 5 बजें तक है। शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सर्वप्रथम प्रवेश हेतु प्राथमिक्ता प्रदान की जावेगी। अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी द्वारा प्रवेश दिया जावेगा।

## प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए बैठक आयोजित



**सीहोर।** सोमवार को स्थानीय बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 19 अप्रैल से आरम्भ होने वाले सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा, श्री रामकथा एवं रामलीला सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन एवं क्रियान्वयन के लिए विभिन्न कार्यसमितियों का गठन किया गया । संचालक पंडित श्री दुर्गाप्रसाद कटारे द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता नवनिर्माण समिति प्रमुख समाजसेवी श्री रुद्रप्रकाश राठौर ने की। इस अवसर पर संयोजक कटारे बाबा, रुद्र प्रकाश राठौर, पंडित मोहितराम पाठक और पंडित शैलेष तिवारी ने संबोधित किया। कटारे बाबा ने कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार मंदिर के संस्थापक स्व.श्री सूरदास बाबा की इच्छा के अनुरूप करोड़ों रुपयों की लागत से पुनर्निर्मित यह सुंदर और भव्य हनुमान मंदिर नगर का गौरव है और प्राण प्रतिष्ठा के पूर्ण होने के बाद नगर के धर्मप्रेमियों को समर्पित है। अध्यक्ष श्री राठौर ने भी अपने उद्बोधन में नगरवासियों से अपील की है कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना तन मन और धन से सहयोग करने के साथ उपस्थित होकर स्वयं का जीवन सार्थक करें और सफल बनाने में सहयोग करें। पंडित शैलेष तिवारी और पंडित मोहितराम पाठक ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संपूर्ण नगर के कर्मठ और उत्साही युवक आगे आएं और समिति को अपना नाम प्रस्तुत कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर अनेक नागरिकों ने स्वेच्छा से धन राशि भी दी और अनेक नागरिकों ने धन राशि के लिए घोषणा भी की है । बैठक में समिति सदस्य,पत्रकार बंधु, नगर के गणमान्य नागरिकगण और दानदाता सहित मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा शामिल थे।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संचालनालय के कलेक्टर को जारी आदेश

# जिले के पात्र उपभोक्ताओं को मार्च व अप्रैल का एकमुश्त मिलेगा राशन

**इतना ही नहीं, आगे मई एवं जून का भी दिया जाएगा एकमुश्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत पात्र व्यक्तियों को मिलने वाले राशन के संबंध में अहम आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत पात्र उपभोक्ताओं को न केवल इस मार्च माह बल्कि अगले अप्रेल माह का राशन भी दिया जाएगा। दरअसल, मध्यप्रदेश सरकार की मंशा है कि आपात स्थिति हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## यह लिखा है आदेश में

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन वितरण 10 मार्च से 15 अप्रेल 2026 तक किया जाएगा। जिले के सभी राशन दुकान वितरकों/संचालकों को स्पष्टतः यह आदेश जारी हुआ है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

## मई, जून में भी ऐसा ही होगा

विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जारी निर्देशों के तहत उक्त दोनों महीनों मार्च एवं अप्रेल के उपरान्त 01 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच मई एवं जून दोनों महीनों का भी इकट्ठा राशन भी जिले के पात्र उपभोक्ताओं को किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो मार्च में अप्रेल का भी एवं मई में जून का भी राशन संबंधित उपभोक्ताओं को प्रदाय होगा।

## इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

## इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

## सभी सेल्समैन को दे दिए गए हैं आदेश

उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई


### फैक्ट फाइल

विभाग: खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
जिले में कुल कार्ड: 295971
कुल सदस्य: 1289817
फायदा: (1) मार्च और अप्रेल का इकटठा राशन मिलेगा।
(2) मई और जून का भी मई माह में एकमुश्त मिलेगा।

### इकट्ठा राशन दिया जाएगा

हां यह सही है। शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मार्च और अप्रेल का इकट्ठा राशन पात्र कन्ज्यूमरों को दिया जाएगा। इसके उपरान्त मई माह में मई एवं जून का भी एकमुश्त राशन प्रदान करेंगे।

**अजीत कुमारी केसरी**, जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य विभाग, राजगढ़



### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, माल व बाइक जब्त

# रंजिश में रिश्तेदार ने की थी महिला की हत्या, जेवर लूटे, घोंटा था गला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

11 मार्च की रात करारिया थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है।

50 वर्षीय महिला सविता राजपूत की हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका ही रिश्तेदार निकला। जिसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए महिला को मौत के घाट उतारा। शमशाबाद निवासी आरोपी चंदन सिंह राजपूत उर्फ लल्लू (35) को करीब 5 साल पहले महिला के परिवार के कारण गांव छोड़ना पड़ा था। आरोपी महिला को पहले से जानता था और दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश भी थी। जब आरोपी को पता चला कि सविता राजपूत शादी में आई है तो वह एक दूसरे व्यक्ति के साथ शादी में पहुंच गया। वहां उसने शराब पी इसके बाद रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच वह सविता को अपने साथ ले गया।

गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे ले जाकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और करीब पांच लाख रुपए के जेवर उतार लिए। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया और अपने एक दोस्त के यहां रात बिताई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की चूड़ियां, चेन, झुमके, मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठियां बरामद की हैं। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## बागरी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 अप्रैल को

**जीरापुर।** नगर के आवास कॉलोनी में शनि मंदिर के पास स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम मंदिर में अखिल भारतीय बागरी समाज की बैठक का आयोजन हुआ। समाज के गणमान्यजनों की उपस्थित में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी दिनांक 2 अप्रैल 2026 को विवाह योग्य युवक-युवतियों हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति ने समाजजनों से अनुराध किया है कि वे 18 वर्ष की युवति एवं 21 वर्ष के युवक का पंजीयन सम्मेलन के लिए करवाएं। बैठक में सर्वसम्मति से मदनलाल परोलिया को सम्मेलन अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही बीरम सिंह काशीखेड़ी कोषाध्यक्ष, शिवनारायण गुजराती प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल टपरियाहेड़ी, मांगीलाल सरपंच, कालूसिंह कोडक्या, शिवलाल मीणागांव, बीरम सिंह काछीखेड़ी, देवसिंह बरमनखेड़ी, बालू सिंह, गणपतलाल, कालूसिंह पड़यिा, जगदीश नाइहेडा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए।

### युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल की तैयारी

# सीएफएमटीटीआई बुधनी एवं ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के बीच हुआ एमओयू, कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी



बिजनेस न्यूज

कौशल विकास और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी एवं संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क (SSRGSP), भोपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौते पर CFMTTI, बुधनी की ओर से निदेशक डॉ. बीएम नांदेडे तथा ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. नांदेडे ने बताया कि यह साझेदारी केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों के तहत युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। समझौते के तहत प्राथमिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कौशल विकास और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अंतर्गत अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का विकास और उन्नयन किया जाएगा। साथ ही तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के माध्यम से नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस सहयोग के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण, मेक्ट्रॉनिक्स एवं ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन एवं ई-मोबिलिटी, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा, जिससे युवाओं को उद्योग की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण मिल सके। यह साझेदारी प्रदेश और देश के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगी तथा एक कुशल, नवाचारी और सशक्त कार्यबल के निर्माण में भूमिका निभाएगी।

# कलेक्टर का आदेश, सातों दिन खोली जाएं गैस एजेंसियां

### एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने प्रशासन सख्त



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्धेश्य से से जिले के समस्त गैस वितरकों, एजेंसियों को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आमजनमानस के जीवन यापन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित एलपीजी गैस की नियमित एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में जिले की समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सप्ताह के सभी सातों दिन अपनी एजेंसियां खुली रखें। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार एलपीजी गैस का वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार यह व्यवस्था जनहित को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि आम नागरिकों को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कंपनी ने काट दी लाइन...

# लोधीपुरा में छाया अंधेरा पानी को तरसे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

जिले के लखनवास क्षेत्र समीपस्थ ग्राम लोदीपुरा में विद्युत विभाग ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिजली बिल जमा न होने का हवाला देते हुए विभाग ने गांव के 11 केवी लाईन से जुड़े बिजली कनेक्शन के को ही काट दिया। विभाग की इस कार्यवाही के बाद न केवल पूरा गांव अंधेरे में साये में है बल्कि पेयजल के लिए भी आमजन परेशान हो रहे हैं।

## नल-जल योजना हुई ठप पीने के पानी का संकट

बिजली कटने का सबसे बुरा असर गांव की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। बिजली के अभाव में नल-जल योजना पूरी तरह बंद हो गई है जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। न केवल घरों में बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ गर्मी बढ़ रही है और हम अंधेरे के चलते सो तक नहीं पा रहे हैं। लोदीपुरा के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर तानाशाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने कार्रवाई से पहले न तो कोई लिखित आदेश दिया। न ही गांव में कोई सूचना दी गई। अचानक कनेक्शन काट देने से ग्रामीणों को सम्हलने तक का मौका तक नहीं मिला।

### समय सीमा बैठक में जिलाधीश के निर्देश

# कर्तव्य के प्रति लापरवाहों को प्रशासन ने थमाए शोकाज नोटिस

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के समाधान में सक्रियता बरतें तथा अधिक से अधिक



शिकायतों का निराकरण ए-ग्रेड में सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में "संकल्पसेसमाधान" अभियान को गंभीरता से लेते हुए श्रम पदाधिकारी, नगरीय प्रशासन के जिम्मेदारों एवं स्वास्थ्य विभाग की मुखिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना एवं आर्थिकी सांख्यिकी विभाग को भी संकल्प से समाधान अभियान के पोर्टल पर योजनाओं की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से नियमित रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# साध्वी आर्यिका विशाश्री माता का हुआ सारंगपुर नगर में भव्य मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत पुण्य और आध्यात्मिक उल्लास से भरा अवसर आया। आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज की रत्नत्रय चंद्रिका गणिनी आर्यिका संघ की अग्रणी साध्वी आर्यिका 105 विशाश्री माता का सारंगपुर में ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। संघ में आर्यिका माताजी सहित कुल 15 माताजी विहाररत हैं। संघ शाजापुर मार्ग से होते हुए सारंगपुर नगर में पहुंचा।

माताश्री के संघ की अगवानी पर बड़ी संख्या में समाज जन कालीसिंध नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हो हुए एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ आर्यिका उनकी मंगल अगवानी की। इसके साथ ही समाजजनों ने विनयपूर्वक वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात संघ को नगर में प्रवेश कराया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आर्यिका माताजी को ससंघ बस स्टैंड स्थित एक परिसर में विराजित कराया गया। यहाँ समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक उनकी आहारचर्या सम्पन्न कराई गई। आहारचर्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

## 7 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन शुरू, 27 केंद्र निर्धारित किए गए

**गुना।** कलेक्टर द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 27 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 7 अप्रैल से प्रारंभ होगी। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में विकासखंड एवं तहसीलवार 27 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए हैं। जिनमें विखं गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. म्याना, नानाखेडी, करोद एवं गुना, विखं बमोरी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बमोरी, सेवा सहकारी समिति मर्या परवाह, सेवा सहकारी समिति कालोनी एवं पाडोन, विकासखण्ड आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या सालय, सालय 2, पनवाड़ी हाट विपणन सहकारी समिति आरोन, सेवा सहकारी समिति मूडराखुर्द, खजूरी खामखेड़ा, विखं राघौगढ अंतर्गत सेवा सहाकरी संस्था डोंगर, गावरी, रामनगर, मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. जामनेर को निर्धारित किया गया है।

### समाज के हित के लिए कार्य करने की सभी से अपेक्षा

# फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष ने गठित की जंबोजेट कार्यकारिणी, दी हार्दिक बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



फूलमाली पुष्पद समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने श्री राम मंदिर मुकेरवाड़ी में आहूत बैठक के दौरान अपनी जिला कार्यकारिणी गठित की है। जंबाजेट इस कार्यकारिणी में 05 संरक्षक, 30 सलाहकार, 10 जिला उपाध्यक्ष, 10 संगठन मंत्री, 01 जिला सचिव, 05 जिला सहसचिव, 05 जिला महामंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 20 राजनैतिक सलाहकार, 10 विधि सलाहकार सहित 20 लोगों की कोर कमेटी में शामिल किया है।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे तन, मन, धन से समाज के विकास और उन्नति हेतु कार्य करते रहेंगे। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र में अग्रसर करने के लिए समाज के लोगों की हर संभव मदद करने की अपेक्षा भी नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों से की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में रामचरण पुष्पद, एलएन पुष्पद कैलाश सुमन नरसिंहगढ,. जगदीश पुष्पद राजगढ़, महेश पुष्पद राजगढ़, कमल हिरनखेड़ा, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव रामपुरिया, सीताराम मालाकार जीरापुर, मनोज मालाकार खिलचीपुर, नीरज मालाकार, आनंद मालाकार, जगदीश पुष्पद ब्यावरा, राधेश्याम बागवान तारागंज, विष्णु पुष्पद तारागंज, महेश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद पचोर, सुनील पुष्पद पचोर, राधेश्याम, रवि, शिवनारायण पुष्पद, गोरेलाल पुष्पद, रमेश सिसोदिया, हीरालाल पुष्पद, गोपाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, धनसिंह पुष्पद, सुरेश पुष्पद, महेंद्र पुष्पद, कैलाश पुष्पद सहित अन्य शामिल हैं। समाज के लोगों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी, सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज हित हेतु कार्य करते रहने की अपेक्षा की है।

## खबर संक्षेप

### 19 से चैत्र नवरात्र की होगी शुरुआत

**आष्टा।** हिंदू कैलेंडर के अनुसार, हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस साल यह पावन पर्व 19 मार्च 2026, गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। इसी दिन घर-घर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के लिए कलश स्थापना की जाएगी। नगरपुरोहित पं मनीष पाठक ने बताया की धार्मिक दृष्टि से इस बार की नवरात्रि बेहद खास है क्योंकि पहले ही दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन यानी महानवमी को ही प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था, जिसे हम राम नवमी के रूप में बड़े उत्साह से मनाते हैं। साल में आने वाली चार नवरात्रियों (शारदीय, चैत्र और दो गुप्त नवरात्रि) में चैत्र नवरात्रि का अपना एक अलग आध्यात्मिक महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य पं डॉ दीपेश पाठक ने बताया की नवरात्रि के पहले दिन शुक्ल योग और ब्रह्म योग का संयोग बन रहा है। शुक्ल योग दोपहर बाद तक रहेगा, जिसके बाद ब्रह्म योग शुरू हो जाएगा। इसके अलावा, अगले दिन की सुबह यानी 20 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग भी लगेगा, जो किसी भी शुभ काम की शुरुआत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। पूजा-पाठ और किसी भी शुभ काम के लिए राहु काल को अच्छा नहीं माना जाता। 19 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से लेकर 3:30 बजे तक राहु काल रहेगा। कोशिश करें कि अपनी पूजा या कलश स्थापना इस समय के बीच में न करें। सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें।एक वेदी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। एक मिट्टी के पात्र में जौ बोएं और कलश में जल, सिक्का, सुपारी व अक्षत डालकर उस पर नारियल रखें।

### दीप से नव संवत्सर का करेगा स्वागत

**सीहोर।** नवसंवत्सर के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर सीहोर सांस्कृतिक मंच सीहोर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर नगर के सब्जी मण्डी स्थित जगदीश मंदिर पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर 18 मार्च दिन बुधवार को सायंकाल 6:00 बजे महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर नव संवत्सर का स्वागत किया जाएगा। जहां सेंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक दीप प्रज्वलित करेंगे। सांस्कृतिक मंच के आशीष गुप्ता, प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना ने कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम की योजना बनाई जा रही है। समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीपकों का उपयोग किया जाएगा। सीहोर सांस्कृतिक मंच के आशीष गुप्ता सहित समस्त सदस्यों एवं सीहोर सांस्कृतिक मंच सीहोर ने सभी से आग्रह किया है कि हिंदू नव वर्ष पर आप हम मिलजुल कर एक धार्मिक आयोजन के माध्यम से शहर में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया जा सके। साथ ही शहर भर में धर्म ध्वज फहराने और दीप प्रज्वलित करने का आह्वान भी किया कि इस दौरान गवान श्रीराम से देश, समाज और सनातन धर्म की उन्नति के लिए प्रार्थना करेंगे और कामना करेंगे कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

# वन संपदा को नुकसान: अवैध गोंद के लालच में डाल रहे केमिकल, सूख रहे पेड़

**गोंद निकालने पेड़ों पर कुल्हाडी से कर रहे घाव** | **ज्यादा गोंद के लालच में पेड़ों की कुर्बानी** | **आग लगाकर भी जला रहे हरे-भरे पेड़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज







क्षेत्र के अंतर्गत धर्मपुरी बीट, नर्पा खेड़ी बीट, श्यामपुर मगरदा बीट, गोविंद पूरा बीट में हरे भरे वृक्षों में कुल्हाड़ी से घाव लगाकर केमिकल डाला जाता है। इसके पश्चात एक माह के अंदर वृक्ष से अत्यधिक मात्रा में गोंद निकलता है। गोंद को निकाल कर बाजार में अवैध रूप से आसानी से बेच दिया था जाता है। घातक केमिकल के कारण पेड़ में से गोंद अत्यधिक निकलता है। इसके पश्चात हरा भरा पेड़ सूख जाता है। अधिक गोंद के लालच में यहां प्रक्रिया हर छोटे-बड़े पेड़ों में की की जा रही है।

### धावड़ा के पेड़ पर नजर

अधिकतर यह केमिकल धावड़ा के पेड़ में की जाती है। वही धावडे के पेड़ से अत्यधिक मात्रा में गोंद प्राप्त कर अधिक दामों में बाजारों में व्यापारियों को बेच दिया जाता है तो वही व्यापारी इसे उचित मूल्य में बहार बेच देते है। यह अवैध व्यापार सिद्धिगंज आसपास के क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। केमिकल लगाने के पश्चात पेड़ से 1 से 2 माह तक गोंद निकलता हे और उसे आसानी से केमिकल वाले गोंद को बाजार में बेच दिया जाता है। वही गोंद निकालने के बाद पेड़ सूख जाता है।

### विभाग की लापरवाही पड़ेगी भारी

जंगल को नुकसान पहुंचाने में लकड़ी तस्कर भी पीछे नहीं है। अवैध रूप से पेड़ों की कटाई भी निरंतर जारी है। दूसरी ओर जंगल को खेत बनाने के लिए आग भी लगाई जा रही है। जिसके कारण भी छोटे-बड़े पौधे नष्ट हो रहे हैं। जंगल में आग लगने के कारण पौधे और जीव जंतु भी नष्ट हो रहे हैं। जिस कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। देखा जाए तो वन विभाग की लापरवाही के कारण यहां सब कुछ हो रहा है।

### केमिकल से सूख रहे पेड़

जंगल में अनगिनत पेड़ों में केमिकल लगा हुआ देखा जा सकता है। वन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं शासन हर साल करोड़ों रुपए चार्च कर पौधे लगाता है, लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण बड़े-बड़े पेड़ में केमिकल लगाने के कारण सुख रहे हैं। वही केमिकल वाले गोंद को जो व्यक्ति प्रयोग करता हे उस के लिया भी यहां घातक होता है। शासन पौधे लगाने व पौधे बचाने के लिए विभिन्न अभियान चलाती है। ताकि पौधे को बचाया जा सके व जंगल को सुरक्षित रखा जा सके, ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहा है। वन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण बड़े-बड़े हरे भरे पेड़ सुख रहे हैं। यही हाल रहे तो धीरे-धीरे जंगल खत्म हो जाएंगे।



### मुझे नहीं इसकी जानकारी

मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं सर्चिंग करवा कर दिखवाता हूं और इस प्रकार करता पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।
**नवनीत झा,** रेंजर आष्टा

## दो गांवों के बीच पार्वती नदी पर अधर में लटका पुल का निर्माण

# लापरवाही: मानाखेड़ी-बोरखेड़ा पुल पर 3 मौतों के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

अधूरे और जर्जर पुल के कारण अब तक तीन लोगों हादसे में जान गंवा चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

क्षेत्र के गांव मानाखेड़ी और बोरखेड़ा के बीच पार्वती नदी पर नए पुल का निर्माण कागजों से बाहर नहीं निकल पा रहा है। प्रशासन की कछुआ चाल और जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा यहां के ग्रामीण अपनी जान देकर भुगत रहे हैं। इस साल मानसून से लेकर अब तक इस अधूरे और जर्जर पुल के कारण तीन लोगों ने अपनी जान गंवा चुके हैं, या कहे इनकी हत्या के जिम्मेदार भी प्रशानिक लापरवाही माने काई सालों से अपनी जान जोखिम में डाल कर राह गिर निकल रहे है लेकिन जिम्मेदार अभी भी गहरी नींद में सो रहे हैं। अनदेखी के कारण दो पुरुष और एक महिला की गई जान ,बारिश में डूबा दो व्यक्ति और उसके बाद महिला की गिर जाने से हुई मौत फिर भी लापरवाह जिम्मेदारों ने नहीं उठाया उचित कदम,पुल न बनने का सिलसिला मौतों के तांडव में तब्दील होता जा रहा है पुल। इसी साल बारिश के मौसम में नया पुल न होने और पुराने पुल पर पानी होने की वजह से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश पिता अमरसिंह उम्र लगभग 30वर्ष शिवखेड़ी,केदार सिंह पिता सिद्धनाथ सिंह उम्र 40 वर्ष बोरखेड़ा की डूबने से मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। बीते दिनों एक और हृदयविदारक घटना घटी, जब एक महिला पुराने पुल से सीधे नदी में गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि पुल में गड्ढे होने के कारण निपानिया निवासी सुमन बाई पति रणछोड़ सिंह उम्र 60 वर्ष पुल पर से नीचे गिरने से मौत हो गईं।

### ठेकेदार की अजीबोगरीब कार्रवाई

मामले में जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, ठेकेदार द्वारा पुराने और जर्जर पुल पर ही डामरीकरण (डामर की परत) बिछाने का काम किया गया था। लेकिन जिस दिन डामर डाला गया, उसी दिन पुल पार कर रही मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला की गाड़ी का बैलेंस बिगड़ने से पीछे बैठी महिला पुल से नदी में गिरने से महिला की मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि जैसे ही ठेकेदार को इस हादसे की खबर मिली, उसने अपनी कमियां छिपाने के लिए आनन-फानन में पुल पर बिछाया गया नया डामर वापस खुदवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है।



### आखिर कब खत्म होगा इंतजार?

ग्राम मानाखेडी और बोरखेड़ा के ग्रामीण अब डरे हुए हैं। नया ब्रिज न बनने की वजह से रोजाना सैकड़ों लोग अपनी जान हथेली पर रखकर इस पुराने और खतरनाक रास्ते से गुजरते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सवाल किया है? कि ₹आखिर और कितनी मौतों के बाद इस पुल का काम शुरू होगा?

फिलहाल, मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। डामर उखाड़े जाने के बाद रास्ता और भी ऊबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नए पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

### जर्जर पुल पर बिछाया डामर फिर उखाड़ा

वरिष्ठ समझ सेवी अर्जुन सिंह पटेल ने शासन और प्रशासन से मांग करते है कि पार्वती नदी पर स्वीकृत नए पुल का निर्माण कार्य तत्काल युद्ध स्तर पर शुरू करवाया जाए।यदि किसी ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर जर्जर पुल पर डामर बिछाया और फिर उसे उखाड़ा, उसकी उच्च स्तरीय जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।जब तक नया पुल नहीं बनता, तब तक पुराने पुल पर सुरक्षा हेतु रेलिंग और संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में किसी और मासूम की जान न जाए।

### जल्द निर्माण कार्य चालू होना चाहिए

ग्राम पंचायत निपानिया के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व जनपद प्रधान प्रतिनिधि कैलाश पटेल द्वारा मांग की गई कि जल्द पुल का निर्माण होना चाहिए और लापरवाही करने वाले जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई होना चाहिए। जिस प्रकार से विगत दिनों बारिश के समय पानी में बहने और पुल से नीचे गिरने से मौतें हुई अति हृदय विदारक घटना हुई हैं,हमारे क्षेत्र में तीन मौतें हुई जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हुई है जल्द ही पल का निर्माण कार्य प्रारंभ होना चाहिए।

### सेतु परिक्षेत्र करेगा पुल का निर्माण कार्य

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनमोल मिश्रा से जब बात की गई तो उनका कहना है कि सेतु परिक्षेत्र का और निर्माण कार्य भी करेंगे। अभी उनकी निविदा प्रक्रिया नहीं है, होने के बाद काम करेंगे हमारी ही एक और है। ब्रिज कॉरपोरेशन भोपाल इनके द्वारा ही पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा। सेतु परिक्षेत्र के इंजीनियर कैलाश वर्मा से बात की गई तो उनका कहना है अभी निविदा प्रक्रिया चल रही है।

# निर्माण कार्य का निरीक्षण कर वैद्य ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य निरंतर विकास कार्य में लगे हुए हैं। इस क्रम में जावर के अति प्राचीन शिवालय मंदिर में पवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य प्रगति पर है। वही जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता सर्व प्रथम धार्मिक स्थल पर विकास कार्य है। में सभी धर्म को साथ लेकर सम्मान करता हु। सब का साथ सब का विकास सब का विश्वास इस मूल मंत्र को लेकर सांसद, विधायक, पार्षद साथी, मंडल अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्य हो रहे है। जावर नगर में करोड़ों के विकास कार्य चल रहे हैं। जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि जल्द ही ओर बड़ी सौगात जावर नगर को मिलेगी।

श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में स्वागत गेट का निर्माण होगा। शिवालय मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को निर्देश दिए कि जल्दी काम पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर इंजीनियर प्रमोद साहू, शिवालय मंदिर के समस्त सदस्य गण राजू भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, वरिष्ठ नेता आजाद सिंह कप्तान, जितेंद्र सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन का जागरुकता रथ रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल जीवन मिशन अंतर्गत आष्टा रानीपुरा परियोजना में मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीहोर द्वारा जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रथ द्वारा गांव-गांव जल जीवन मिशन योजना के ऊपर जानकारी प्रेषित करना व नल जल योजना पर समझ विकसित करना है । एसडीएम इछावर और मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित सीहोर से एमसीसपी मनेंद्र कटियार, एएमसीपी नरेंद्र राठौर और आयोजक संस्था साईराम टेक्नो मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा. लि. से परियोजना प्रवंधक पायल कावडे, परियोजना समन्वयक अभिषेक परमार, शिवम राठौर, राकेश मालवीय, राजेश वर्मा उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के तहत समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाना, ग्राम कार्य योजना की समझ विकसित करना, ग्राम जल और स्वच्छता समिति की भूमिका स्पष्ट करना तथा जल संरक्षण एवं जल गुणवत्ता की जानकारी देना।

# सुंदरम कॉलेज में भावुक माहौल के बीच फेयरवेल समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सुंदरम कॉलेज जावर दीक्षांत समारोह फेयरवेल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक सांस्कृतिक गायन, नृत्य, (क्यूज)प्रश्नोत्तरी प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। इस दौरान कई भावुक पल भी देखने को मिले, जब विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन की यादों को साझा किया। सुंदरम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर डायरेक्टर मुकेश पांचाल एवं प्राचार्या हेमा मंजीता पांचाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीक्षांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे थाना प्रभारी जावर हेमंत पांडे एवं ओम प्रकाश चोरमा तहसीलदार जावर का भावभीना स्वागत सुंदरम की छात्राओं द्वारा तिलक लगा श्रीफल व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया वही संस्था की ओर से डायरेक्टर मुकेश पांचाल प्राचार्य श्रीमती हेमा मंजीता व स्टॉप सहित अतिथि द्वय को स्वामी विवेकानंद की स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं श्रीफल, पुष्प देकर सम्मान किया।



## खाती समाज युवा संगठन का स्नेह मिलन समारोह किया आयोजित

# समाज की बात हो तो राजनीति आड़े नहीं आना चाहिए: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय,चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज का युवा संगठन द्वारा आयोजित समारोह म,प्र, शासन के कैबिनेट राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हाटपिपल्या विधायक मनोज चौधरी, पूर्व विधायक गिरिराज मण्डलोई, समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर मण्डलोई, वरिष्ठ ट्रस्टी जगदीश पटेल कोठरी, श्री जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर चोधरी इंदौर, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सविता पटेल आदि के विशेष आतिथ्य में समाज जनों की उपस्थिति मे आराध्य भगवान श्री जगदीश के समक्ष दीप प्रज्वलित करशुभारंभ किया। स्वागत युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लड्डूमल चोधरी द्वारा सभी उपस्थित समाज जनों का स्वागत अभिनंदन किया। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट बीएस, वर्मा द्वारा समारोह को संबोधित करते हुए सभी अहंकार को त्यागते हुए समाज की एकता का आव्हान किया।

जगदीश पटेल ने अपने संबोधन में समाज मे शिक्षा, नारी उत्थान व बच्चों में अच्छे संस्कार देने पर बल दिया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने संबोधित करते हुए समाज की एकता पर बल दिया। श्री वर्मा ने कहा कि, जब समाज की बात हो तो राजनीति आड़े नही आना चाहिए। जो समाज का व्यक्ति समाज हित के कार्य करता है,उसकी प्रसंसा करना चाहिए। श्री वर्मा ने मंच से बीएस वर्मा एडवोकेट की प्रशंसा करते हुए कहा कि,इन्होंने आष्टा में करोड़ों की छात्रावास का निर्माण सभी के सहयोग से करवाया। समारोह में मूर्ति श्री जगदीश मंदिर पंच, पारमार्थिक ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट मिश्रीलाल चोधरी, वरिष्ठ ट्रस्टिंगण सत्यनारायण, रमेश वर्मा भोपाल, द्वारकाप्रसाद पटेल, गंगाप्रसाद चौधरी, कैलाश सगवालिया, चतुर्भुज तोमर, चिंतामण चोधरी, रमेश चंद्र चंद्रवंशी करजू, बद्रीलाल जी चौधरी, मोहनलाल पटेल, समाज के देवास जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, शाजापुर जिलाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सोनानिया, राजगढ़ जिलाध्यक्ष, राधेश्याम मण्डलोई, सोसल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संदीप चोधरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ,कमल पटेल,राष्ट्रीय महामंत्री धर्मेन्द्र चोधरी,दे वीप्रसाद सोनानिया, मनोज वर्मा, नारायण सिंह मुकाती, बद्रीप्रसाद वर्मा, मनोहर लाल वर्मा, विक्रमसिंह अजनोदिया आष्टा, युवा संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप पटेल, दौलत चोधरी, महेन्द्र सिंह बावड़ीखेड़ा, जोरावरसिंह कानड़, सीहोर युवा संगठन अध्यक्ष राकेश वर्मा टीम सहित उपस्थित रहे,सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# एकता की मिसाल: रोजा इफ्तार में शामिल हुए सभी वर्ग के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

हसन में मंसूरी परिवार के द्वारा पाक माह रमजान में भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। बस स्टैंड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों और क्षेत्र के गण माननीय नागरिकों ने भाग लिया। अजान के समय सभी ने एक साथ दस्तरखान पर रोजा खोला। और देश में अमन चैन बा भाईचारे के लिए दुआएं मांगी।

कार्यक्रम में सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर प्रमुख रूप से शामिल हुए। उनके साथ जनपद सदस्य रमेश लोधी, जनपद सदस्य हेम सिंह मीणा, ग्राम पटेल सतीश कुमार दूध, हेमराज लोधी, रईस मंसूरी, और सरपंच शैलेंद्र संतोष जाट सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी इफ्तारी में शिरकत की कार्यक्रम के आयोजक लतीफ खान मंसूरी ने सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।

इस मौके पर प्रतिनिधियों ने कहा कि रमजान का महीना भाईचारे, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का काम करते हैं।

इफ्तारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे सभी ने मिलकर रोजा खोला और एक - दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और गंगा जमुनी तहजीब की सुंदर मिसाल पेश की।

